गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्णचन्द्र पन्त) :(क) स्वीकृत किये ऋण निम्न प्रकार थे :-

1968-69	रु. 6,27,06,700
1969-70	रु. 5,08,58,500
1970.71	रु. 6,67,75,000

(ख) वर्ष 1968-69 तथा 1969-70 के दौरान स्वीकृत किये गये ऋणों पर कुल 92,54,276 रुपये का ब्याज बना। वर्ष 1970-71 के दौरान स्वीकृत किये गये ऋण पर अभी तक कोई ब्याज देय नहीं हुआ है।

(ग) रु. 7,37, 72,000

(घ) 5½ प्रतिशत प्रतिवर्ष, जिसमें मूलधन तथा ब्याज की समय पर अदायगी करने के लिए ¼ प्रतिशत छूट है।

National Plan for Geo-Dynamics Projects

1629. SHRI SAMINATHAN : Will the Minister of SCIENCE AND TECHNOLOGY be pleased to state :

(a) the salient features of national plan for geo-dynamics Projects discussed at the recent two-day conference of Scientists held in New Delhi during April, 1971 ; and

(b) the areas chosen for studying the movements taking place in the interior of the earth ?

THE MINISTER OF PLANNING AND MINISTER OF DEPARMENT OF SCIENCE AND TECHNOLOGY (SHRI C. SUBRAMANIAM) : (a) and (b). The Indian National Committee for Co-operation with the International Union of Geodesy and Geophysics held a panel discussion on the 2nd and 3rd April, 1971 to consider India's participation in an international Geodynamics project which is being organised to study the solid earth. The following working Groups were set up to deal with different aspects of the project.

	Subject	*Coordinator*
(i)	Seismology	Dr. A.N. Tandon
(ii)	Laboratory studies on Physical properties	Dr. S. Balakrishna
(iii)	Palaeomagnetism	Dr. R.K. Verma
(iv)	Patrology, Minerology and Geochronology	Dr. A. P. Subramaniam
(v)	Surveys	Shri J. Chatterjee

उत्तर प्रदेश में पौड़ी गढ़वाल जिले का विकास

1630. श्री प्रताप सिंह नेगी : क्या योजना मंत्री गढ़वाल जिले को पिछड़ा क्षेत्र घोषित करने और वहां मद्य निषेध लागू करने के बारे में 14 अप्रैल, 1970 के अतारांकित प्रश्न संख्या 6255 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश राज्य के पहाड़ी जिलों में सर्वाधिक पिछड़े पौड़ी गढ़वाल जिले के विकास के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

योजना मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहन धारिया) : सभा पटल पर एक विवरण रख दिया गया है।

विवरण

उत्तर प्रदेश के पौड़ी गढ़वाल जिले के विकास के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा की गई कार्रवाई निम्न प्रकार है :-

(1) पौड़ी गढ़वाल जिला उन 8 पहाड़ी जिलों में से एक है जिन्हें त्वरित विकास के लिए अपेक्षाकृत पिछड़ा घोषित किया गया है।